जम्मू और कश्मीर में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से जमा राशि का निकाला जाना

1228. डा. रत्नाकर पाण्डेय : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जम्मू-काश्मीर में अलगावादी गतिविधियों के कारण स्थानीय लोगों ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में जमा किया हुआ अपना धन निकालना शुरू कर दिया है ; और

(ख) यदि हां, तो स्थिति से निपटने के लिए सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ?

वित्त मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) : (क) और (ख) सूचित किया गया है कि कश्मीर घाटी में स्थित राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाओं से निकासियां की गई हैं । तथापि जम्मू और कश्मीर बैंक लि० की जमा रकमों में वृद्धि हुई है । सुरक्षा वातावरण में सुधार हो जाने के बाद जमा राशियों की स्थिति में भी सुधार आने की सम्भावना है ।

Small Industries Development Bank of India

1229. DR. RATNAKAR PANDEY:
SHRI MURLIDHAR CHANDRAKANT BHANDARE:

Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the representatives of the village and small industries at a meeting with him held on the 8th February, 1990, explained the difficulties being experienced by them for not making the Small Industries Development Bank of India operational yet; and

(b) if so, by when it will be made operational and what precise pattern is contemplated for the Bank to be able to reach the village and small industries in remote areas of the country?

THE MINISTER OF FINANCE (PROF. MADHU DANDAVATE): (a) Yes, Sir.

(b) Small Industries Development Bank of India Act, 1989 has come into force with effect from 7th March, 1990. The Small Industries Development Bank of India (SIDBI) will start its operations from 2nd April, 1990. SIDBI will take over the activities of IDBI relating to small scale sector and will *inter-alia* operate the refinance scheme through the existing primary ending agencies viz., State Financial Corporations (SFCs), Commercial Banks, Cooperative Banks and Regional Rural Banks which have large net work of branches through out the country.

निदेशक, लेखा परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय नई दिल्ली के कार्यालय में कम्प्यूटर का लगाया जाना

1230. श्रीमती सत्या बहिन : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या निदेशक, लेखा परीक्षक प्रथम एवं द्वितीय, नई दिल्ली के कार्यालय में कोई कम्प्यूटर लगाया गया है ; यदि हां, तो कब और इसके लगाने में कुल कितनी राशि व्यय हुई है ;

(ख) क्या उक्त कार्यालयों में कम्प्यूटर संबंधी सारा कार्य इन्हीं कम्प्यूटरों द्वारा किया जा रहा है ; और

(ग) क्या कम्प्यूटर संबंधी कार्य किसी बाहरी एजेंसी द्वारा भी भुगतान पर कराया जा रहा है ; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है तथा बाहरी एजेंसियों द्वारा कराये जाने वाले कम्प्यूटर कार्य पर प्रति वर्ष, व्यय की जाने वाली धनराशि का ब्यौरा क्या है ?

वित्त मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) : (क) प्रधान निदेशक, लेखा-परीक्षा–I, केन्द्रीय राजस्व और प्रधान निदेशक, लेखा परीक्षा–ii केन्द्रीय राजस्व के कार्यालयों में वर्ड प्रोसेसर क्रमशः अगस्त, 1986 और